


## एक नजर में

### भाजपा संगठन क्षेत्रीय महामंत्री अजय जामवाल पहुंचे मांडव



**मांडू ।** विश्व पर्यटन नगरी मांडू में भाजपा सगठन क्षेत्रीय महामंत्री मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ एक दिन प्रवास पर शनिवार मांडू पहुंचे भगवान चतुर्भुज राम के दर्शन किए ऐतिहासिकइमारत को निहार भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए संगठन को और मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं भाजपा की रीति नीतिसबंधित जो योजनाएं भाजपा ने पंक्ति में खड़ेहर व्यक्तियों तक पहचाइये उन्हें ग्रामीण क्षेत्रगाव और फलिया तक पहुंचना है भाजपा संगठन कैसे मजबूत हो इस हेतु हर कार्यकर्ता को अपनी कमर कसनी होगी मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ भाजपा संगठनक्षेत्रीय महामंत्री अजय जामवाल जी का क्षेत्रीय विधायक कालू सिंहठकुर ने अपने अनेक कार्यकर्ताओंक साथ पहुंच कर महामंत्रीज का भव्य स्वागत किया साथ धर्मपुरी क्षेत्र के विकास संबंधित चर्चाकी इस मौके पर मंडल अध्यक्षरघु जी निनामा संतोष जी राठौड़ कृष्ण यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष विजय ठाकुर यश यादव विधायक प्रतिनिधि सुधांशु तिवारी राहुल सेन नेहा जायसवाल कार्यकर्ता मौजूद रहे

### तपस्वियों के अनुमोदनार्थ निकली भव्य शोभायात्रा, नगर में किया अभिनंदन




**कुक्षी ।** प्रभु आराधना और संयम के मार्ग पर चलते हुए वर्षीतप की कठिन साधना करने वाले तपस्वियों के बहुमान में नगर में भव्य उत्साह देखा गया। स्थानीय प्रतिष्ठित व्यवसायी चिराग प्रवीण जैन (टांडा वाले) एवं उनकी बहन पायल अर्पित बाफना (रतलाम) द्वारा पूर्ण किए गए वर्षीतप के अनुमोदनार्थ शनिवार को भव्य शोभायात्रा एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के विजय स्तंभ चौराहे से हुआ। गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा में ब?ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते समय विभिन्न सामाजिक संगठनों और त्रिस्तुतीक जैन श्री संघ द्वारा पुष्प वर्षा कर तपस्वियों का आत्मीय स्वागत व बहुमान किया गया। शोभायात्रा नगर भ्रमण के पश्चात स्थानीय हीरा पैलेस पहुँचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुई। आयोजित सभा में त्रिस्तुतीक जैन श्री संघ के अध्यक्ष श्री मनोहर लालजी पौराणिक एवं टांडा श्री संघ के श्री निर्मल जी श्री श्रीमाल ने अपने संबोधन में तप की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्षीतप जैसी कठिन साधना आत्मा को निर्मल बनाती है और समाज के लिए प्रेरणादायी है। संघ पदाधिकारियों ने तपस्वियों के दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस पावन प्रसंग पर तपस्वियों के परिवारजन प्रवीण कुमार अनोखीलाल जी व्होरा (टांडा वाले) द्वारा समस्त श्री संघ के लिए हीरा पैलेस पर स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या मे समाजजनों ने सहभागिता की।

### पिटगारा में शोक, ठाकुर नाथूसिंह पंवार नहीं रहे गम में डूबा परिवार



**बदनावर ।** पिटगारा के वरिष्ठ और सम्मानित नागरिक ठाकुर नाथूसिंह पंवार (78) का 3 अप्रैल 2026 को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार, समाज और परिचितों में गहरा दु:ख व्याप्त हो गया। शाम को उनके निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें परिवारजन, समाज, ग्रामीणों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों की बड़ी संख्या शामिल हुई। अंतिम यात्रा के दौरान माहौल गमगीन रहा और सभी ने नम आंखों से उन्हें भावभीनी विदाई अर्पित की। उनके निधन को ग्राम के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

### 7 अप्रैल को ढोलाना में आयोजित होगा सर्व समाज कन्या विवाह का भव्य आयोजन

**बदनावर ।** आधुनिकता के जमाने में जहां हर कोई अपने विवाह को यादगार बनाने के लिए भारी भरकम खर्च कर दिखावे करने में प्रयासरत रहता है, ठीक उसी के विपरीत ग्राम ढोलाना में ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर समिति ने सभी जाति समाज के कन्याओं के विवाह का बीड़ा उठाया है जो निरंतर तीसरे वर्ष की ओर अग्रसर हैं, बदनावर तहसील के ग्राम ढोलाना में 7 अप्रैल को रनमुक्तेश्वर महादेव मंदिर समिति ढोलाना द्वारा सर्व समाज कन्या विवाह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का यह तृतीय वर्ष है जिसमें 30 से अधिक जोड़े परिणय बंधन में बंधेंगे। जिसमें विवाह में सम्मिलित होने वाले नव दंपतियों का डीजे की धुन पर गांव में भव्य चल समारोह भी निकाला जाता है एवं वधुओं को घरेलू उपयोग से 51 बर्तन एवं 05 सोने चांदी के आभूषण सहित अन्य उपयोगी सामग्रीया भेंट की जाती है।

जिसमें सभी जाति समाज की कन्याओं का विवाह संपन्न करवाया जाता है इस विवाह समारोह में ग्राम के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य लोगों का भी सराहनीय सहयोग मिलता है। जो कि क्षेत्र में सामाजिक समरसता का संदेश प्रस्तुत करता है। आयोजन समिति के दिनेश बामनिया ने जानकारी देते हुए बताया की 7 अप्रैल को होने वाले सर्व समाज कन्या विवाह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। एवं विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष इस सर्व समाज कन्या विवाह को और भी भव्य बनाने के लिए आयोजन समिति प्रयासरत हैं। एक तरफ जहां सनातन धर्म को जोड़ने के लिए पूरे भारतवर्ष में संघ और संगठन कार्य कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ कुछ समाज के ऐसे सर्वजाती समाज कन्या विवाह आयोजन समिति के सभी लोग भी समाज को जोड़ कर ऐसे कार्य करने संदेश दे रहे हैं





# प्रशिक्षण अवसर नहीं, निरंतर प्रक्रिया : अजय जामवाल

**धार जिले के भाजपा तिरला मंडल में प्रशिक्षण वर्ग को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल ने संबोधित किया**

**तिरला मंडल प्रशिक्षण वर्ग में जमवाल के संबोधन से भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का हुआ संचार**

**धार ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 अंतर्गत शनिवार को जिले के धार विधानसभा क्षेत्र भाजपा तिरला मंडल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती धार विधायक नीना वर्मा, प्रशिक्षण महाअभियान संभागीय टोली से दिलीप पटोदिया व अनंत पंवार जिला संयोजक भाजपा महामंत्री राकेश पटेल पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम पाटीदार मंच पर उपस्थित रहे।

सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर सत्र आरंभ किया। स्वागत उद्बोधन भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती व वर्ग गीत विक्की पाटीदार ने गाया। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, सेवा और समर्पण के भाव के साथ कार्य करने का संदेश दिया और सभी में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।



### सांसद ठाकुर और अन्य वक्ताओं ने भी किया संबोधन...

जामवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार के संघर्ष के दौर को देखा है और आज सरकार में रहते हुए जिम्मेदारी के समय का अनुभव भी किया है। समय-समय पर आत्मविश्लेषण करें, क्योंकि सिखाना अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन सीखना कठिन होता है। हम उन्हीं मूल्यों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, जो हमारे महापुरूषों ने संगठन और कार्यकर्ता निर्माण के संबंध में दिए थे। हम सभी साधनारत कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं को निरंतर सीखने और अभ्यास के माध्यम से अपनी कार्यक्षमता और प्रस्तुति क्षमता में सुधार लाने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण सिर्फ एक अवसर नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है, जो कार्यकर्ता को न केवल बेहतर बनाती है, बल्कि संगठन को भी मजबूत करती है। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण ही नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास और निष्ठा का संचार करना है, जिससे वे संगठन के विकास में अपना योगदान और अधिक प्रभावी ढंग से दे सकें। भाजपा की सफलता और संगठन क्षमता सिर्फ विचारधारा पर आधारित नहीं है, बल्कि कार्यकर्ताओं की निरंतर शिक्षा, साधना और अभ्यास पर भी निर्भर करती है। शेष सात सत्रों में पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, विधायक नीना वर्मा जिला महामंत्री राकेश पटेल जिला उपाध्यक्ष राखी राय भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखें। मंडल में प्रशिक्षण वर्ग में जिला उपाध्यक्ष महेश रावला जिला मंत्री आरती पटेल समेत अपेक्षित मंडल पदाधिकारी कार्य समिति सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। संचालन प्रदीप पाटीदार ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## मंडी गेट पर ताला लगाकर किसान यूनियन का धरना शुरु

**सरदारपुर ।** सहकारिता समिति में ऋण राशि जमा करवाने की तारीख नहीं बढ़ाने के विरोध के चलते भारतीय किसान यूनियन (टिकेत) के बैनर तले किसान राजगढ़ में मंडी बंद कर ह?ताल पर बैठ गए। किसानों द्वारा कृषि उपज मंडी राजगढ़ के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर अनिश्चित कालीन ह?ताल शुरू कर दी। किसानों को मनाने पहुंचे अधिकारियों की भी किसानों ने नही सुनी। ऐसे में शनिवार को मंडी में उपज की खरीदी नही हुई।

**डिफॉल्ट होने से बचने के लिए किसानों को हुई हानि -** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राकेश सोलंकी ने बताया कि किसान हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार से सहकारिता ऋण राशि बढ़ाने की मांग की गई थी। वही दूसरी और समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी भी नहीं हुई। ऐसे में ऋण जमा करने व डिफॉल्ट होने से बचने के लिए किसानों को मंडी में ओने-पौने दाम पर अपनी गेंहू की उपज बेचकर ऋण राशि जमा करनी पड़ी। किसानों को एक क्विंटल के पीछे 400 से 500 रुपये का नुकसान हुआ हैं। कई स्थानों पर किसान समय पर ऋण राशि जमा नहीं करवा पाया ऐसे में किसान डिफॉल्ट तो हुआ ही साथ ही पूरे वर्ष का ब्याज भरने के भी मजबूर हुआ।



### मांगे पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा धरना

जिलाध्यक्ष राकेश सोलंकी ने सरकार के समक्ष मांग रखी कि बैंकों में डिफॉल्ट हुए किसानों का ब्याज सरकार द्वारा भरा जाए तथा जिन किसानों ने नुकसान उठाकर ऋण राशि जमा करवाई हैं उनकी भरपाई की जाए। इस दौरान हरि भायल, रमेश मे?ा सहित ब?ी संख्या में किसान धरना स्थल पर मौजूद रहें।

**मंडी में नहीं हुई खरीदी -**किसान मंडी गेट पर सुबह से ही धरने पर बैठ गए थे। ऐसे में मंडी में किसान अपनी उपज लेकर नहीं पहुंच पाए। जिसके चलते मंडी में शनिवार को उपज की खरीदी नही हुई। हालांकि जो पहले से ही मंडी परिसर में वाहन ख? थे। उनकी उपज जरूर नीलाम हुई। वही मंडी के सभी गेट बंद होने से परिसर में खाली ख? ट्रैक्टर भी बाहर नही निकले सकें।

## छह सरकारी हाईस्कूल के नए बनेंगे भवन, छात्रों को सुविधा

**सरदारपुर ।** शिक्षा के क्षैत्र मे सरदारपुर विधानसभा को महत्वपूर्ण सौगात मिली है। सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रयासों से जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत 6 शासकीय हाईस्कुल के नवीन भवन निर्माण की सौगात मिली है, जिसमें प्रत्येक नवीन भवन की लागत 396.26 लाख है। सरदारपुर विकासखण्ड मे शासकीय हाईस्कुल हातोद, खेडीकला, पदमपुरा, सगवाल, चालनी, कुशलपुरा मे माध्यमिक विद्यालय से हाईस्कुल मे उन्नयन कई वर्ष पूर्व हुआ था किन्तु नवीन हाईस्कुल भवन की सौगात नही मिली थी, जिसकी वजह से विद्यालय संचालन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसको दृष्टिगत रखते हुए विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री, प्रमुख सचिव को निरंतर पत्र लिखकर एवं मध्यप्रदेश विधानसभा मे याचिका लगाकर नवीन हाईस्कुल भवन निर्माण की स्वीकृती की मांग की थी जिस पर जनजातीय कार्य विभाग द्वारा सरदारपुर विकासखण्ड के 6 शासकीय हाईस्कुल के नवीन भवन निर्माण की स्वीकृती प्रदान की गई है। नवीन हाईस्कुल भवनों की स्वीकृती मिलने पर ग्रामीणों और विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

## चमेली के तेल से किया श्रीदादा दयालु हनुमान का अभिषेक

**सरदारपुर ।** नगर के पुराने नेशनल हाइवे इन्दौर अहमदाबाद से सटे हुए श्रीदादा दयालु खेड़ापति हनुमानजी मन्दिर पर शुक्रवार को श्रीदादा दयालु हनुमान प्रतिमा का चमेली तेल से रूद्राअभिषेक करके फुलो से सजाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। भारी संख्या मे श्रीराम हनुमान भक्तो ने श्रृंगार को निहारकर श्रीबालाजी का आशिर्वाद लिया ।



साथ ही रामनवमी से हनुमान जयंती तक चले अंखड राम-नाम संकीर्तन को विराम दिया गया। 7 दिनी 24 घंटे चले अंखड राम-नाम संकीर्तन में 12 भजन मंडलिया शामिल होकर सनातन धर्म का पूर्ण आनंद लेते हुए पुण्य लाभ लिया। रात्री 8 बजे पंडित गोविंद जोशी द्वारा हनुमानजी की महाआरती उतारकर महाप्रसादी का भोग लगाया गया। बाद में भक्तजनो द्वारा महाप्रसादी ली गई। महाप्रसादी के लिए विशेषकर एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार, थाना प्रभारी अनील जाधव के साथ स्टाफ परिवार गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी अध्यक्ष बीजे उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष अशोक तिवारी और गायत्री परिवार जन, ललिता डॉ एम एल जैन, डॉ नितिन जोशी, डॉ सचिन द्विवेदी सहित सेंकड़ों भक्तजनों द्वारा महाप्रसादी का लाभ लिया गया। सफल आयोजन पर आयोजन कर्ता और मंदिर संचालक द्वारकाप्रसाद गोराणा ने समस्त भक्तजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राज्यपाल मंगूभाई पटेल का मांडू आगमन हेलीपैड पर कलेक्टर ने किया स्वागत

**धार।** प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल आज ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू पहुंचे। मांडू स्थित हेलीपैड पर उनका गरिमामय एवं आत्मीय स्वागत किया गया।



राज्यपाल के मांडू पहुंचने पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी अगवानी की। इस अवसर पर हेलीपैड पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। स्वागत के पश्चात राज्यपाल श्री पटेल स्थानीय कार्यक्रमों और पर्यटन स्थलों के अवलोकन के लिए प्रस्थान कर गए।

## एक नजर में

**बदनावर में फंड मौजूद, जमीन नहीं मिलने से अटका निर्माण, नागरिकों ने मांगा त्वरित समाधान**

# महाराणा प्रताप चौक पर प्रतीक्षालय नहीं, धूप-बारिश में रोज परेशान यात्री

**बदनावर ।** शहर के सबसे व्यस्त महाराणा प्रताप चौक पर यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से रोजाना सैकड़ों लोगों को तेज धूप, गर्मी और बारिश में खुले आसमान के नीचे वाहन का इंतजार करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोग, विद्यार्थी, महिलाएं, बुजुर्ग और नौकरीपेशा वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। मौसम की मार के बीच यात्रियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।



स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। फोरलेन सड़क निर्माण से पहले यहां यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय मौजूद था, जिससे लोगों को काफी सुविधा मिलती थी, लेकिन सड़क चौड़ीकरण के दौरान उसे हटा दिया गया। इसके बाद से आज तक नई व्यवस्था नहीं हो सकी।

मामले में वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद भारती राठौड़ ने बताया कि संबंधित स्थान पर शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं होने से निर्माण कार्य अटका हुआ है। नगर परिषद द्वारा नई भूमि उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव भी भेजा गया था, लेकिन न्यायालय के निर्णय के कारण प्रस्तावित जमीन नहीं मिल सकी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर परिषद के पास प्रतीक्षालय निर्माण के लिए फंड सुरक्षित है, समस्या केवल उपयुक्त भूमि की है। नगर परिषद का पक्ष जानने के लिए सीएमओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

### बारिश में ज्यादा समस्या

चौक पर बढ़ती आवाजाही और क्षेत्रीय महत्व को देखते हुए नागरिकों ने प्रशासन से वैकल्पिक भूमि चिन्हित कर जल्द प्रतीक्षालय निर्माण की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो गर्मी और बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाएगी।

यह मुद्दा अब केवल सुविधा का नहीं, बल्कि सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक हित से जुड़ा विषय बन गया है, क्योंकि प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री इसी स्थान से आवागमन करते हैं।